O. P. JINDAL SCHOOL, RAIGARH (CG) 496 001, INDIA

Phone: 07762-227042, 299255, JSPL ICM No. 49802, 49809; website: https://www.opjsrgh.in; e-mail: opjs.raigarh@jindalsteel.com

अभ्यास पत्रक PT-1 (2023-24)

विषय – हिंदी कक्षा - पाँचवीं

नाम- .... **कक्षा /वर्ग ....**

अवधि: 90 min **पूर्णांक : 40**

(खंड -अ) पूर्णांक -40

प्रश्न 1 – निर्देशानुसार प्रश्नों को हल कीजिए–

(क) दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (4)

१. भावों और विचारों के आदान-प्रदान का साधन .... कहलाता है |(भाषा /वर्ण)

2. दीर्घ स्वरों की संख्या............ है | (पाँच /तीन)

3. लोनपोगार का बेटा बहुत ______ था। (भोला -भाला / होशियार)

४. सरहुल के दिन विशेष रूप से_______ के पेड़ की पूजा की जाती है। (पीपल / साल)

(ख) नीचे दिए गए सही वाक्य के सामने सही(✓) और गलत वाक्य के सामने गलत(×) (4)
का निशान लगाइए–

1. लोनपोगार ने अपने बेटे को शहर से फल लाने को कहा था | ( )
2. पोंगल मनाते समय मटके के मुँह के चारों ओर तुलसी के पत्ते बाँधे जाते है |( )
3. व्याकरण हमें शुद्ध बोलना ,पढ़ना एवं लिखना सिखाता है| ( )
4. दीर्घ स्वरों की संख्या 5 होती है | ( )

(ग) उचित मिलान कीजिए–
(2)

1. मकर संक्रांति - पकवानों की माला
2. पोंगल - सरई
3. घुघुतिया - पतंग
4. सरहुल - साबुत हल्दी

(घ) किसने, किससे कहा ?
(2)

"तुम इन्हें लेकर शहर जाओ |मगर इन्हें मारना या बेचना नहीं|"

(ङ)उचित पर्यायवाची शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखिए-
(3)

१. मित्र - ...., (दोस्त , बैरी , मनुष्य)

2. वायु - .... (सलिल ,समीर ,अनल)

3. वन - .... (धरा , कानन , उपवन)

(खंड -ब)

प्र.2 - रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग करके वाक्यपुनः लिखिए-

(3)

1. सुबह अचानक बादल छा गए |
2. नदी के किनारे लोग बैठे थे |
3. आकाश में पक्षी उड़ रहे थे |

प्र.3 - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) मंत्री ने अपने बेटे को भेड़ों के साथ शहर ही क्यों भेजा?

(3)

या

होशियार और चालाक में क्या फ़र्क होता है?

(ख) तिल का किन -किन रूपों में इस्तेमाल किया जाता है?

(3)

या

फ़सलों के त्योहार से मिलने वाली कोई तीन शिक्षा लिखिए|

(ग) भाषा के कितने रूप होते हैं? उनके नाम लिखिए |

(3)

(घ) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए–

(3)

१. अक्षय 2. पर्वत 3. कृषक

(खंड-स)

प्र.4 - नीचे लिखे अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर

(5)

लिखिए-

चिड़ियाघर बच्चों के आकर्षण का केंद्र होता है|क्या आप जानते हैं कि चिड़ियाघर वाले अपने लाभ के लिए पशुओं को स्वतंत्र वातावरण नहीं देते|बहुत -से चिड़ियाघरों में छोटे-से स्थान पर पशुओं को रखना पर्याप्त माना जाता है|उन्हें स्वतंत्र वातावरण नहीं मिल पाता|पशुओं को अक्सर अपने स्थान से बिलकुल अलग स्थान,वातावरण और मौसम में रहने के लिए ले जातें हैं ,जिसमें रहने के वे आदि नहीं होते हैं|ऐसे में परिवार से दूर रहना,उनके लिए भी मुश्किल होता होगा|

1. चिड़ियाघर किनके आकर्षण का केंद्र होते हैं ?
2. चिड़ियाघर में पशुओं को क्या नहीं मिल पाता?
3. परिवार से दूर रहना किनके मुश्किल होता होगा?
4. पशुओं को चिड़ियाघर में कैसे स्थानों में रखा जाता है?
5. स्वतंत्र शब्द का विलोम शब्द क्याहोता है ?

(खंड-द)

प्र.5 - पत्र लेखन -

(5)

अपने नाना जी को गर्मियों की**छुट्टियों** की योजना बताते हुए पत्र लिखिए|

या

मित्र को गर्मी की **छुट्टियों** में अपने घर बुलाने हेतु पत्र लिखिए|